# सर पदमपत स्कूल में टीचर्स के लिए लगी स्किल डेवलपमेंट की क्लास

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



टीचर्स को स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग देतीं एक्सपर्ट.

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (1 Aug):** सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में टीचर्स के लिए स्किल डेवलपमेंट पर सीबीएसई कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया. प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने बताया कि ये प्रोग्राम न्यू एजुकेशन पॉलिसी और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क-2023 के अनुरूप स्किल बेस्ड, एक्सपीरियंस बेस्ड व स्टूडेंट्स सेंट्रिक टीचिंग को सपोर्ट करता है. इस दौरान एजुकेटर्स को स्किल डेवलपमेंट सब्जेक्ट के बारे में जानकारी दी गई. जो क्लास-9 में वोकेशनल एजुकेशन के रूप में शुरू किया गया है. टीचर्स ने व्यवहारिक गतिविधियों, सामूहिक चर्चाओं, प्रदर्शनी में सक्रिय भागीदारी की. वर्कशॉप में शहर समेत लखीमपुर खीरी व लखनऊ के विभिन्न स्कूलों से 60 से अधिक टीचर्स ने भाग लिया और इसके व्यावहारिक एवं संवादात्मक दृष्टिकोण की सराहना की.